>

Title: Need to restart training centre of Sports Authority of India in Tikamgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): भारतीय खेल प्राधिकरण साईं प्रशिक्षण केंद्र टीकमगढ़ वर्ष 2001 में संचालित था जिसे 2020 में बंद कर दिया गया इस प्रशिक्षण केंद्र में हाकी के साथ-साथ सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण प्रारंभ था तथा इसी में 25 बेड के छात्रावास की व्यवस्था थी । यहां पर अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन भी विगत 58 वर्षों से चल रहा है यहां पर अनेक खिलाड़ियों के साथ-साथ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे हॉकी टीम में शामिल विवेक प्रसाद सागर ने भी इसी प्रशिक्षण केंद्र में रह कर तैयारी की और 06 खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया । बंद पड़े इस प्रशिक्षण केंद्र को प्रारंभ करने की आवश्यकता है । साथ ही हाकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण हाकी प्रदर्शन हेतु एस्ट्रोटर्फ की व्यवस्था की जाए ताकि आधुनिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके साथ ही 50 बेड के नए छात्रावास का भी निर्माण किया जाए ।